www.pp.glpublications.in

गुवाहाटी, जोरहाट, तिनसुकिया तथा लखीमपुर से एक साथ प्रकाशित

पूर्वांचल प्रहरी

पूर्वोत्तर का सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला हिंदी दैनिक

• नगर संस्करण •

, 22 December, 2015, Postal Reg. No.RNP/GH-139/2013-2015

27

रजि.नं. 40914/89, वर्ष-27, अंक-216, मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष12, विक्रम सं. 2072, गुवाहा

# स्किपर ने गुवाहाटी में निर्माण प्रकल्प का शुभारंभ किया

पत्रकारों को संबोधित करते स्किपर लि. के निदेशक देवेश बंसल।

गुवाहाटी। पीवीसी पाइप के कारोबार की अग्रणी कंपनी स्किपर लिमिटेड ने पूर्वोत्तर के मुख्य शहर गुवाहाटी में गत 14 दिसंबर को अपने निर्माण प्रकल्प का शुभारंभ किया। कामरूप जिले के बोरझार स्थित हवाई अड्डा के पास कंपनी की इस निर्माण इकाई की स्थापना की गई है, जोकि स्टेट-आफ-आर्ट के रूप में बनाया जा चुका है। इस प्रकल्प की निर्माण क्षमता 4000 एमटीपीए प्लंबिंग एवं एग्री पाइप बनाने की है। इस सिलसिले में कंपनी के निदेशक देवेश बंसल ने कहा कि हमारी कंपनी कुछ नया करके ग्राहकों की सेवा में उसे उपलब्ध कराती आ रही है। उन्होंने कहा कि कारोबारी नजरिया से पूर्वोत्तर काफी संभावित स्थल है। इसलिए कंपनी गुवाहाटी में कंपनी की पहली निर्माण इकाई की स्थापना की है। यह प्रकल्प पूरी तरह ऑटोमेटेड प्लांट है। इस नए प्रकल्प के जरिए प्रधानमंत्री मेक इन इंडिया विजन को अपना जा रहा है। स्किपर के फिलहाल पीवीसी पाइप निर्माण की दो इकाई हैं, जोकि उलुबेरिया (पश्चिम बंगाल) व अहमदाबाद (गुजरात में हैं। दूसरी ओर स्किपर के पीवीसी कारोबार की विकास दर 100 प्रतिशत दर्ज है। (प्रसं)